टोकियो के सभी नागरिकों से नए कोरोना वायरस COVID-19 के बारे में निवेदन

- अभी नए कोरोना वायरस से पीड़ित लोगों की संख्या ज्यादा है। यह अधिक बढ़ना खतरनाक और जोख़िम भरा है।
- टोकियो में अभी आपातकालीन स्थिति घोषित की गयी है। अब यह आवश्यक है, कि जितना हो सके उतना घर पर रहें। और लोगों से मिलना या बात करना टालें।
- आपातकालीन स्थिति यह सभी से अपनी जीवन शैली बदलने का निवेदन है।

कब से कब तक 8 फरवरी (सोमवार) सुबह 0 बजे से 7 मार्च (रविवार) रात 12 बजे तक

टोकियो में रहने वाले नागरिक — कृपया घर पर ही रहें

- जितना हो सके उतना घर पर ही रहें। विशेष रूप से, रात 8 बजे के बाद बाहर न जाएं।
- कृपया बाहर निकलते समय, जब बहुत ही आवश्यक हो तभी, और थोड़ी देर के लिए ही बाहर निकलें। बहुत ही आवश्यक चीजें... अस्पताल जाना, भोजन / दवाईयां / दैनिक आवश्यकता की चीजें खरीदना, स्वास्थ्य के लिए व्यायाम करना, पैदल टहलना आदि।
- कृपया टोकियो छोड़ कर अन्य प्रान्तों में न जाएँ।

दुकानदार — कृपया दुकान का समय कम करें

अनुरोधित दुकानें : रेस्टॉरंट, काराओके आदि*

दुकानें खुला रखने का समय: सुबह 5 से रात 8 बजे तक

(शराब परोसने का समय: सुबह 11 बजे से रात 7 बजे तक)

*अन्य स्थान :

नाट्यगृह, सिनेमागृह, सभागृह, होटल, व्यायाम स्थल, आर्ट गैलरी, संग्रहालय, पुस्तकालय आदि

一般財団法人
東京都つながり創生財団
Tokyo Metropolitan Foundation "TSUNAGARI"